e-paper : www.dailynewsactivist.com लखनऊ, सोमवार, 12 नवंबर 2018, कार्तिक मास शुक्ल पक्ष पंचमी, संवत् 2075 विक्रमी
वर्ष-12, अंक-28, पृष्ठ-12, मूल्य- ₹ 2.00, नगर संस्करण
DNA डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट
शब्द शब्द संघर्ष
RNI NO.: UPHIN/2007/41982 संस्करण : लखनऊ
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
website : www.dnahindi.com डाक पंजीयन : एसएसपी/एल.डब्लू./एन.पी.-358/2016-18



# हवा में फैल रहा जहर, पटाखे न जलाएं

**लखनऊ।** विराम खण्ड-5 जनकल्याण समिति व एल्डर्स हब के सदस्यों ने एक दीया श्री रामजी के लिये व एक दीया शहीदों के लिए जलाकर दिवाली के त्यौहार को हर्षोल्लास से मनाया। उन्होंने सभी गोमती नगर जनकल्याण समिति के सदस्यों ने देश के सभी नागरिकों को दीवाली की बधाई दी। कहा कि कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए पटाखों को जो अधिक धुंआ पैदा करते हैं तथा शोर करते हैं उनका प्रयोग न करें। कहा कि जहरीली गैस जो वातावरण मे घुलकर जीवजंतुओं के जीवन को नुकसान पहुंचा रही है, उस पर रोक लगायाजाना जरूरी है। ये जानकारी भरत राज सिंह वरिष्ठ पर्यावरणविद व महानिदेशक स्कूल आफ मैंनेजमेंट साइंसेस लखनऊ व अध्यक्ष दि इंस्टीट्यूशन आफ इंजीनियर्स उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र ने दी।